श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 171, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार, 26 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## गणतंत्र दिवस आज : राजपथ पर दिखेगी सैन्य ताकत और सांस्कृतिक विरासत की झलक



**भारत परेड के दौरान पहली बार राफेल लड़ाकू विमानों की उड़ान के साथ टी-90 टैंकों समविजय इलेक्ट्रॉनिक युद्धक प्रणाली सुखोई-30 एमके आइ लड़ाकू विमानों समेत अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करेगा। बांग्लादेश सैन्य बल की 122 सदस्यीय टुकड़ी भी करेगी कदमताल।**

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** गणतंत्र दिवस परेड में मंगलवार को देश की सैन्य ताकत के साथ ही सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। भारत परेड के दौरान पहली बार राफेल लड़ाकू विमानों की उड़ान के साथ टी-90 टैंकों, समविजय इलेक्ट्रॉनिक युद्धक प्रणाली, सुखोई-30 एमके आइ लड़ाकू विमानों समेत अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करेगा।

रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में राजपथ पर 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियों, रक्षा मंत्रालय की छह झांकियों अन्य केंद्रीय मंत्रालयों और अर्द्धसैनिक बलों की नौ झांकियों समेत 32 झांकियों में देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, आर्थिक उन्नति और सैन्य ताकत की आन बान शान नजर आएगी। मंत्रालय ने कहा, 'स्कूली छात्र लोक नृत्य पेश करेंगे। ओडिशा में कालाहांडी के मनमोहक लोक नृत्य बजासल, फिट इंडिया मूवमेंट और आत्मनिर्भर भारत के अभियान की बानगी भी पेश की जाएगी।'

मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश सैन्य बल की 122 सदस्यीय टुकड़ी भी मंगलवार को राजपथ पर कदमताल करेगी। बयान में कहा गया, 'बांग्लादेश की टुकड़ी, बांग्लादेश के मुक्ति योद्धाओं की विरासत को आगे बढ़ाएगी जिन्होंने लोगों पर दमन और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई थी और बांग्लादेश को 1971 में आजादी दिलाई।' भारत, 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष्य में स्वर्णिम विजय वर्ष मना रहा है। इसी युद्ध के बाद बांग्लादेश अस्तित्व में आया था।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि परेड के दौरान थल सेना अपने मुख्य जंगी टैंक टी-90 भीष्म, इनफैन्ट्री कॉम्बैट वाहन बीएमपी-दो सरथ, ब्रह्मोस मिसाइल की मोबाइल प्रक्षेपण प्रणाली, रॉकेट सिस्टम पिनाका, इलेक्ट्रॉनिक युद्धक प्रणाली समविजय समेत अन्य का दमखम प्रदर्शित करेगी।

गणतंत्र दिवस परेड पर इस साल नौसेना अपने पोत आइएनएस विक्रांत और 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान नौसैन्य अभियान की झांकी पेश करेगी। भारतीय वायु सेना हल्के लड़ाकू विमान तेजस और देश में विकसित टैंक रोधी निर्देश मिसाइल ध्रुवास्त्र पर प्रस्तुति पेश करेगी। राफेल समेत वायु सेना के 38 विमान और भारतीय थल सेना के चार विमान मंगलवार को उड़ान में हिस्सा लेंगे। परेड के समय रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की इस बार दो झांकी होगी।

इस बार जिन 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में की झांकियां पेश की जाएंगी उनमें गुजरात, असम, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, पंजाब, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, केरल, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, दिल्ली और लद्दाख शामिल हैं।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रोशनी से नहाया लखनऊ

**तिरंगे की रोशनी से नहाया विधान भवन सरकारी भवनों व प्रतिष्ठानों में लगाए गए तिरंगे। मुस्कुराया बाजार तिरंगों की भरमार। बाजारों में भी रौनक दिखाई दी। हर तरफ तिरंगे ही तिरंगे नजर आ रहे थे।**





**लखनऊ, जेएनएन।** तहजीब के शहर-ए-लखनऊ में गणतंत्र के जश्न की तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राजभवन, विधान भवन, लोक भवन, बापू भवन, पूर्वोत्तर रेलवे और इनकम टैक्स कार्यालय समेत सरकारी व गैर सरकारी भवनों पर तिरंगी रोशनी नजर आने लगी। बाजारों में भी रौनक दिखाई दी।

गणतंत्र दिवस मंगलवार को देशभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस राष्ट्रीय पर्व को मनाने के लिए सभी ने अपने-अपने ढंग से तैयारी शुरू कर दी हैं। स्कूल-कॉलेजों में कोरोना संक्रमण के चलते गणतंत्र दिवस समारोह में होने वाले कार्यक्रमों को छोटे स्तर पर कराने की तैयारी है।

बाजारों में भी तिरंगे और अन्य सामान बिकते रहे। दुकानों पर सजे तिरंगे गणतंत्र दिवस के आने का संदेश दे रहे थे। बाजारों में हर तरफ तिरंगे ही तिरंगे नजर आ रहे थे। बाजार में अलग-अलग साइज में राष्ट्रीय ध्वज के अलावा विभिन्न प्रकार के ब्रोच, कैप, रीबन, टीशर्ट, हैंड बैंड आदि की भरमार दिखी। इसके साथ ही गिफ्ट आइटम में भी तिरंगा घड़ी, स्टैंड वाला तिरंगा आदि आए हुए है।

आलमबाग के दुकानदार राजकुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज और इससे संबंधित अन्य सामानों की बिक्री हो रही है। हजरतगंज स्थित गांधी आश्रम खादी भंडार में राष्ट्रीय ध्वज की खरीदारी शुरू हो गई है। गांधी आश्रम में खादी से बने तिरंगे तीन साइज में उपलब्ध हैं।

नारी शक्ति के सम्मान के साथ निकली तिरंगा यात्राः मिशन शक्ति के तहत गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 72वें गणतंत्र दिवस पर 72 महिलाएं हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुईं। नारी शक्ति के सम्मान के आह्वान के साथ मनकामेश्वर उपवन घाट से निकली यात्रा की अगुआई महंत देव्या गिरि ने की। तिरंगा यात्रा मनकामेश्वर स्वयं सहायता समूह की महिला मंडल की बहनों की ओर से निकाली गई। स्वरोजगार की अलख जगाने वाली तिरंगा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। सभी 72 महिलाएं तिरंगे रंग के परिधान में सज धजकर शामिल हुईं। यात्रा में अनामिका भारत माता के रुप में नजर आईं तो शाम को मनकामेश्वर मंदिर को तिरंगे रंग से सजाया गया। यात्रा में उपमा पांडेय , वैदेही, रूबी, तृप्ता शर्मा समेत समूह की महिलाएं व आम लोग शामिल हुए। वहीं राजेंद्र नगर स्थित महाकाल मंदिर में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर महाकाल का तिरंगे से श्रृंगार किया गया।

## पीएम मोदी समेत इन नेताओं ने दी 72वें गणतंत्र दिवस की बधाई



**नई दिल्ली, एएनआइ।** देश आज अपना 72वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने देशवासियों को बधाई दी है। अपने ट्वीट में पीएम मोदी ने कहा, 'देशवासियों को गणतंत्र दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। जय हिंद!' गणतंत्र दिवस परेड समारोह की शुरूआत प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर करेंगे।

गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर लिखा, 'गणतंत्र दिवसह्न भारत की बहुरंगी विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। मैं उन सभी महान विभूतियों का स्मरण करता हूं, जिनके संघर्ष से 1950 में आज के दिन हमारा संविधान लागू हुआ और साथ ही उन सभी वीरों को नमन करता हूं जिन्होंने अपने शौर्य से भारतीय गणतंत्र की रक्षा की है।

वहीं, गणतंत्र दिवस परेड से पहले आईटीओ, यमुना ब्रिज सहित दिल्ली के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। भारत की सैन्य, सांस्कृतिक विविधता, सामाजिक और आर्थिक प्रगति आज राष्ट्रीय राजधानी में राजपथ पर 72 वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शित होगी। सशस्त्र बलों की झांकी के अलावा विभिन्न राज्यों से 17 झांकी, केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों / विभागों से नौ झांकी और अर्धसैनिक बलों और रक्षा मंत्रालय की छह झांकियां भी राजपथ पर दिखेगी।

## गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराकर रखी जाएगी अयोध्या के धन्नीपुर मस्जिद प्रोजेक्ट की नींव



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** अयोध्या में मिली पांच एकड़ भूमि पर धन्नीपुर मस्जिद का निर्माण कार्य का शुभारंभ गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर मंगलवार को सादे समारोह में तिरंगा फहराकर व पौधरोपण के साथ होगा। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के सदस्य यहां फलदार पौधा रोपेंगे। ट्रस्ट का मानना है कि 26 जनवरी के दिन देश के आम लोगों को संविधान के जरिये बराबरी का हक मिला है। इस दिन मस्जिद की नींव रखने से इंडो इस्लामिक कल्चर का संदेश सारे विश्व में प्रसारित होगा।

इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के सचिव व प्रवक्ता अतहर हुसैन ने बताया कि धन्नीपुर मस्जिद स्थल पर सादे समारोह में मस्जिद व अस्पताल प्रोजेक्ट का शुभारंभ पौधारोपण के साथ किया जाएगा। इसमें ट्रस्ट के सदस्य शामिल होंगे। यहां मस्जिद निर्माण से पहले मिट्टी परीक्षण का काम भी शुरू हो गया है। 20 मीटर गहराई तक मिट्टी के नमूने लिए जाएंगे। मिट्टी की भार सहने की क्षमता और साल्ट व नमी सहित सभी तकनीकी बिंदुओं की रिपोर्ट आने के बाद फाउंडेशन कार्य शुरू होगा। इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के सचिव व प्रवक्ता अतहर हुसैन ने बताया कि ट्रस्ट के सभी सदस्य 26 जनवरी की सुबह धन्नीपुर पहुंचेंगे। सुबह साढ़े आठ बजे चीफ ट्रस्टी जुफर फारूकी अपने आठ सदस्यों के साथ तिरंगा फहराएंगे। सभी नौ सदस्य यहां फलदार पौधा रोपकर धन्नीपुर प्रोजेक्ट की शुरूआत करेंगे। स्थानीय मदरसे के बच्चे गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश करेंगे।

धन्नीपुर में बनेंगे दो कॉम्प्लेक्स : पांच एकड़ भूमि पर मुख्य रूप से दो कॉम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। इनमें एक मस्जिद कॉम्प्लेक्स व दूसरा हॉस्पिटल कॉम्प्लेक्स होगा। इसका डिजाइन जामिया मिल्लिया इस्लामिया केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो.एसएम अख्तर ने तैयार किया है। दोनों ही भवन जीरो एनर्जी कॉन्सेप्ट पर तैयार किए जाएंगे। दोनों इमारतों की छत पर सोलर पैनल लगेंगे। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इन ईकोफ्रेंडली इमारतों के बाहरी हिस्से में हरियाली रहेगी।

## निर्धारित रूटों पर ही किसान ट्रैक्टर परेड निकाल पाएंगे

**पुलिस ने चेताया किसान नेताओं को, शर्तों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई।**





**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह के बाद शांतिपूर्ण तरीके से किसानों को ट्रैक्टर परेड निकालने की इजाजत देने वाली दिल्ली पुलिस ने दोहराया है कि शर्तों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित रूटों पर ही किसान ट्रैक्टर परेड निकाल पाएंगे।

मालूम हो कि सोमवार को भी पुलिस अधिकारियों व किसान नेताओं की इस मसले पर बातचीत होती रही। पुलिस अधिकारी बार-बार किसान नेताओं को तय शर्तों के अनुरूप ही रूटों पर परेड निकालने का अनुरोध करते रहे। पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव ने आला अधिकारियों के साथ संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर आदि कई सीमाओं का मुआयना किया।

पुलिस के मुताबिक, टीकरी, सिंघु व गाजीपुर आदि सभी सीमाओं पर ट्रैक्टर परेड शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं। गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न होने के पश्चात समारोह की सुरक्षा में तैनात रिजर्व पुलिस बलों को भी तुरंत सीमाओं पर भेज दिया जाएगा। ट्रैक्टर परेड में पाकिस्तान द्वारा गड़बड़ी करने की आशंकाओं के मद्देनजर पुलिस समेत सभी सुरक्षा एजेंसियों को पूरी तरह सतर्क कर दिया गया है। पाकिस्तान में बनाए गए ट्विटर अकाउंट पर नजर रखी जाएगी।

एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि किसानों संगठनों के एक धड़े द्वारा रिंग रोड पर शर्तों का उल्लंघन करते हुए परेड निकालने की बात कही जा रही है। इसे देखते हुए उक्त सभी प्रतिबंधित रूटों पर छह स्तरीय मजबूत बैरिकेडिंग की गई है। डंपर व ट्रकों में पत्थरों के टुकड़े भरकर सड़कों पर खड़े कर दिए गए हैं ताकि कोई उक्त रूटों पर न आ सके। सभी रूटों पर वाटर कैनन व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां खड़ी कर दी गई हैं। आंसू गैस के गोले के साथ पर्याप्त संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स व पुलिस के जवानों की जगह-जगह तैनाती कर दी गई है। ट्रैक्टर परेड पर पूरी तरह से नजर रखने के लिए कुछ कंट्रोल रूम भी बनाए गए हैं, जहां से आयुक्त समेत अन्य आला अधिकारी पल-पल की नजर रखेंगे और जरूरत महसूस होने पर वे सीमाओं पर तैनात अधिकारियों को निर्देश दे सकेंगे। रिंग रोड पर किसी भी सूरत में परेड निकालने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, यूपीएससी परीक्षा में अतिरिक्त मौका देने से नकारात्मक पड़ेगा प्रभाव



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि कोरोना महामारी के चलते संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा परीक्षा देने से वंचित रह गए कुछ अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने का एक अतिरिक्त मौका देने के फैसले का व्यापक प्रभाव पड़ेगा। यह सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली के समग्र कामकाज और आवश्यक एक समान अवसर के लिए भी हानिकारक होगा। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर मांग की गई है कि जो अभ्यर्थी कोरोना महामारी के चलते यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 नहीं दे पाए थे और जिनका परीक्षा में बैठने का आखिरी मौका खत्म हो चुका है उन्हें एक और मौका दिया जाए। शीर्ष अदालत में दायर हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि कुछ अभ्यर्थियों को अतिरिक्त मौका या आयु में रियायत देना परीक्षा में बैठने वाले दूसरे अभ्यर्थियों के साथ भेदभाव होगा। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि वह अभ्यर्थियों को अतिरिक्त मौका देने के पक्ष में नहीं है। इस पर अदालत ने सरकार से सोमवार तक हलफनामा दायर करने को कहा था। इसके बाद कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अवर सचिव द्वारा शीर्ष अदालत में यह हलफनामा दायर किया गया। जस्टिस एएम खानविल्कर, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस कृष्ण मुरारी की पीठ में इस मामले की सुनवाई होनी थी। लेकिन जस्टिस खानविल्कर की पीठ ने 28 जनवरी तक सुनवाई टाल दी।

## यूपी में विधान मंडल का बजट सत्र 18 फरवरी से

**यूपी विधान मंडल के बजट सत्र में योगी आदित्यनाथ सरकार वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए बजट पेश करेगी। यह योगी सरकार का पांचवां और इस कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट होगा। अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह चुनावी बजट भी होगा।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश में विधान मंडल का बजट सत्र 18 फरवरी से शुरू होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। कैबिनेट बैठक में बजट सत्र बुलाए जाने समेत लगभग दो दर्जन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि बजट पेश किये जाने की तारीख विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति तय करेगी।

यूपी विधान मंडल के बजट सत्र में योगी आदित्यनाथ सरकार वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए बजट पेश करेगी। यह योगी सरकार का पांचवां और इस कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट होगा। अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह चुनावी बजट भी होगा। अगले बजट के जरिये सरकार अपने चुनावी समीकरण साधने की कोशिश करेगी। चालू वित्तीय वर्ष के लिए योगी सरकार ने 5.12 लाख करोड़ रुपये का बजट पारित कराया था। अगले वित्तीय वर्ष के बजट का आकार 5.5 से 5.6 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। हालांकि चुनावी वर्ष में हौसला दिखाते हुए सरकार इससे बड़े आकार का बजट भी प्रस्तुत कर सकती है।

गौरतलब है कि विधान मंडल का पिछला बजट सत्र गत वर्ष अगस्त में हुआ था। दिसंबर में शीतकालीन सत्र बुलाए जाने और इसमें वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए अनुपूरक बजट पेश किये जाने की चर्चा थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण संसाधनों की तंगी से जूझ रही योगी सरकार ने अंततः बजट सत्र बुलाना ही मुनासिब समझा।

बता दें कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में योगी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी बजट होगा। ऐसे में विधानसभा चुनाव से पहले के इस बजट को सबसे खास बनाने की कोशिश शुरू हो गई है। जानकार बताते हैं कि यह बजट नए रूप में पेश किया जा सकता है। इसमें हर गांव, घर, परिवार की बात होगी तो उद्यमी, किसान, महिला, नौजवान की चिंता भी नजर आएगी। व्यापारी और बेरोजगार के लिए कुछ खास होगा तो बेसहारा की सहारा बनने वाली कोई न कोई सौगात भी संभव है।

## संक्षेप समाचार

### महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में हुआ केंपस सेलेक्शन

**प्रयागराज।** सोमवार को महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में ख्याति लब्ध कंपनी पाई इन्फोकॉम सॉफ्टवेयर के द्वारा संस्थान के 80 छात्र छात्राओं का कैंपस इंटरव्यू हुआ तमाम प्रक्रियाओं से गुजरने के पश्चात 5 छात्र एवं एक छात्रा का सलेक्शन हुआ जिन्हें 2.8 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर कंपनी ने ऑफर दिया कंपनी के एचआर ऋषभ आयुषी सिन्हा, अजय गौतम एवं क्षमता तिवारी के द्वारा छात्रों का चयन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर सुनील कुमार मिश्रा ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। संस्थान के निदेशक इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी ने भी सफल छात्र, छात्रा को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं आए हुए कंपनी के प्रतिनिधियों को मां सरस्वती की कांस्य प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर मनीष उपाध्याय चंद्रकांत विश्वकर्मा जेपी सिंह नीलाभ त्रिपाठी सचिन सुरेश चंद एवं समस्त शिक्षक तथा कर्मचारी मौजूद रहे। यह जानकारी संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजय सिंह ने दी है।

# अवैध अतिक्रमण का नहीं हटा मलबा, कूड़े पर सज गई दुकानें

## लालगोपालगंज बाजार के जेठवारा रोड से हटाए गए नाजायज कब्जा का फैला है मलबा

**80 फुट के दायरे में लगी दुकानों के साथ मुख्य चौराहे पर खड़े रहे फल के दर्जनों ठेले**

**लालगोपालगंज।** स्थानीय बाजार में जाम से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन अवैध निर्माण को धराशाई तो जरूर करा दिया। परंतु सड़क की पटरियों को कब्जा मुक्त कराने में फिलहाल नाकाम साबित हो रही है। सैकड़ों फुटपाथी समेत दर्जनों दुकान मकान के पुख्ता निर्माण को ध्वस्त कराने के बाद भी कब्जा धारक चिन्हित दायरे में अपनी दुकानें लगाने से बिल्कुल भी गुरेज नहीं किया।

लालगोपालगंज के मुख्य बाजार स्थित जेठवारा रोड पर दोनों पटरियों से रविवार को अवैध कब्जा हटाया जाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में तीन जेसीबी मशीन लगाई गई थी। सोमवार को जेठवारा रोड के दोनों पटरियों से हटाए गए अवैध निर्माण के फैले मलबे पर सब्जी, फल समेत कतार बद्ध फुटपाथी दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा लीं। यही नहीं सुबह होते ही सड़क के दोनों जानिब फल के दर्जनों ठेले दिनभर लगे रहे। जिससे वाहनों का आवागमन बाधित होता रहा। अवैध निर्माण हटाने के बाद सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय समेत स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय दिखाई पड़ी। जाम से निजात दिलाने के लिए जहां अतिक्रमण कारियों को हटाने के लिए पुलिस और प्रशासन सक्रिय रही। वहीं दूसरे दिन सोमवार को अतिक्रमणकारी चिन्हित दायरे में अपनी दुकानें लगाने में पूरी तरह कामयाब नजर आए। जिम्मेदारों की उदासीनता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की।



लालगोपालगंज में अवैध निर्माण के फैले मलबे पर लगी दुकानें

# गणतंत्र दिवस आज : लालगोपालगंज में तिरंगा की हुई खरीदारी



तिरंगा झण्डा की खरीदारी करते बच्चे

**लालगोपालगंज ।** धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाए जाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिए जाने में लोग जुटे रहे। मुख्य बाजार पर जगह जगह तिरंगा झंडा समेत विभिन्न प्रकार की सामग्रियों से सजी दुकानों से खरीद-फरोख्त करने में लोग व्यस्त नजर आए। आकर्षक दुकानों से सामान खरीदारी के दौरान बच्चों का उत्साह देखते बन रहा था। लालगोपालगंज कस्बा के मुख्य चौराहे पर गणतंत्र दिवस के मौके पर तिरंगा झंडा समेत विभिन्न प्रकार की टोपियां, स्टीकर, बिल्ला, रिबन और क्लिप जैसे दर्जनभर आइटम से दुकानें सजी रहीं। नए लुक में सजी दुकानों को देखकर छोटे-छोटे बच्चे अपने स्वजनों के साथ सोमवार को दिनभर खरीदारी करते नजर आए। स्कूल कॉलेज के अलावा 26 जनवरी के अवसर पर मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस के पर्व पर बच्चों में खासा जोश देखा गया। क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी दफ्तर, लालगोपालगंज व्यापार मंडल, नगर पंचायत कार्यालय, स्थानीय पुलिस चौकी समेत विजय संस्थाएं आज ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस की खुशियां मनाएंगे। सीताराम इंटर कॉलेज पटना उपरहार, राम फकीर पब्लिक स्कूल डहरपुर बांधपुर समेत प्राथमिक विद्यालय पाठक का पूरा में गणतंत्र दिवस मनाया जने की लगभग तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं।

# गोली से घायल आईसीयू वार्ड में घुसा एक संदिग्ध युवक, मची अफरातफरी



अस्पताल में मौजूद पुलिस

**मऊआइमा।** स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती दिनेश मौर्या के आई सी यू में एक संदिग्ध युवक प्रवेश कर गया जिससे अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बन गया इसकी सूचना पर पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप आनन फानन में स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल के आईसीयू रूम में सिक्योरिटी बढ़ाई गयी। मऊआइमा के मरखामऊ गांव निवासी दिनेश मौर्या को सुल्तानपुर खास शिवपुर के पास गोली मार दी गई थी गम्भीर रूप से घायल को एसआरएन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है कि वही रविवार को शाम एक संदिग्ध युवक आईसीयू रूम में दाखिल हो गया जानकारी पर लोगो में अफरातफरी मच गई जब तक लोग कुछ न समझ पाये कि वह युवक भाग निकला सूचना पर पहुंचे आला अधिकारी ने बढ़ाई सुरक्षा जांच अकबर अली निवासी सुल्तानपुर खास मऊआइमा पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।तथा पुलिस उस संदिग्ध युवक की तलाश कर रही हैं।

# नवाबगंज पुलिस ने अवैध बालू लदे आधा दर्जन वाहन एवं चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर की कार्रवाई, मची खलबली

**अवैध बालू एवं लोड वाहन के खिलाफ अभियान चलाकर की जाएंगी कार्रवाई : इंस्पेक्टर सुरेश सिंह**



नवाबगंज थाने में सीज ट्रक

**नवाबगंज।** सोमवार को नवाबगंज की पुलिस ने आधा दर्जन वाहन में अवैध लदे बालू को हिरासत में लेते हुए चालक एवं वाहन पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों समेत चोरी के बालू ढोने वालों में खलबली मची हुई है।

नवाबगंज इंस्पेक्टर सुरेश सिंह मयफोर्स के साथ कस्बा नवाबगंज में अवैध लोड करने वाले वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चला रखा है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान चार ट्रक एवं दो ट्रैलर वाहन पर अवैध ओवर लोड वाहन को रोक लिया। पुलिस ने जब वाहन संचालकों से कागजात मांगे, तो वाहन चालक कागजात नहीं दिखा सके। जिसके चलते पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेते हुए वाहन चालकों में अनिल कुमार पुत्र राम बहादुर मनेहू जेठवारा प्रतापगढ़, कुलदीप कुमार पुत्र राम लखन निवासी चकिया धम्मौर थाना बहरिया प्रयागराज, फूलचंद्र पुत्र मगन लाल निवासी पहाड़पुर गजेंहड़ा थाना मानधाता प्रतापगढ़, सुनील कमार पुत्र पन्ना लाल निवासी रामपुर हथिगहां थाना नवाबगंज, दीन मोहम्मद पु. मोईन निवासी मलावा थाना झूंसी एवं कमल पुत्र हरिशंकर निवासी कल्याण शाहपुर उर्फ नेवादा थाना होलागढ़ प्रयागराज एवं वाहन नंबर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई की है। नवाबगंज पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध लोडरों एवं वाहन संचालकों में खलबली मची हुई है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि इलाके में इस तरह से अवैध लोड वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

## प्रेमी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया, परिजनों ने की धुनाई

**मऊआइमा।** फेसबुक से एक किशोरी का एक युवक पर दिल आ गया। प्रेमी अपनी प्रेमिका के साथ जब आपत्तिजनक हालत में पकडा गया तो प्रेमिका के परिजनों ने धुन कर भविष्य में ऐसी गलती न करने की शर्तों पर छोड दिए। जिसे लेकर गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक किशोरी का एक युवक से फेसबुक पर दोस्ती हो गई। दोनों की मित्रता प्यार में बदल गई। बताया गया है कि युवक प्रतापगढ़ क्षेत्र का निवासी है । प्रेमी को प्रेमिका ने अपने खेत पर बुलाया जहां दोनों रंगरेलियां मनाने लगे। यह नजारा जब ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना प्रेमिका के घर पर दे दिए। परिजन आ कर पहले प्रेमी को धुने फिर किशोरी को पीट कर उसका इश्क का बुखार उतार दिए। ऐसी गलती और भविष्य में ऐसी हरकतें न करने की शर्त पर प्रेमी को किशोरी के परिजनों ने छोड दिए तथा किशोरी को घर लेकर चले गए । उक्त घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

## गांधी शिल्प बाजार में हस्तशिल्प का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है

**प्रयागराज।** हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सौजन्य से भारतीय महिला ग्राम उद्योग संस्थान प्रयागराज की ओर से त्रिवेणी मार्ग पर स्थित परेड ग्राउंड में माघ मेला में 22 जनवरी से चल रहे 10 दिवसीय गांधी शिल्प बाजार में हस्तशिल्प का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है' हर रोज लोगों की भीड़ उमड़ रही है। गांधी शिल्प बाजार के व्यापक प्रचार-प्रसार का असर दिखाई दे रहा है। नववर्ष के कारण लोग अपने परिवार के साथ गांधी शिल्प बाजार में ज्यादा से ज्यादा नजर आ रहे हैं। अवकाश के दिन तो लोगों का हुजूम देखते ही बनता है। हर कोई अपने.अपने परिवार और मित्रों के साथ मेले का आनंद लेने तथा हाथ से बनी वस्तुओं को खरीदने के लिए गांधी शिल्प बाजार पहुंच रहे हैं। प्रदर्शनी में सबसे अधिक बिक्री भदोही की ऊनी कालीन एवं सहारनपुर के फर्नीचरो कश्मीर के ऊनी कपड़े की देखी गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हर रोज होता है 'कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अशोक बेशरम जैसे वरिष्ठ कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया ' लोगों का हंसते हंसते पेट फूल गया। मेला का आनंद लेने के लिए बच्चे बूढ़े जवान सभी लोग काफी संख्या में पहुंच रहे हैं।

# भागीदारी संकल्प मोर्चा में शामिल भागीदारी पार्टी (पी.) के कार्यकर्ता मजबूत बने : ओम प्रकाश राजभर

**खीरी।** भागीदारी पार्टी (पी.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति की अध्यक्षता में करछना विधानसभा अंतर्गत प्रयाग इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप बेदौ में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए भागीदारी संकल्प मोर्चा के अगुआ (सुभासपा) के अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि भागीदारी संकल्प मोर्चा उत्तर प्रदेश में एक बड़ा विकल्प बनकर उभरा है भागीदारी संकल्प मोर्चा उत्तर प्रदेश में आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में अपनी सरकार बनाएगा असदुद्दीन ओवैसी के शामिल होने से राजनीतिक गलियारों में सियासी पारा चढ़ता जा रहा है साथ ही प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष शिवपाल यादव को मोर्चे में शामिल करने की कवायद तेज हो गई है उनका आना लगभग तय माना जा रहा है राजभर आम आदमी पार्टी को भी साथ में लाकर सपा, बसपा और भाजपा के सीने में हलचल पैदा कर दी है इस मोर्चे से आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में बड़ी पार्टियों पर गहरा प्रभाव पड़ना तय माना जा रहा है




कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए

श्री राजभर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रजापति समाज का वोट आज तक सपा, बसपा, भाजपा अपने फायदे के लिए लेते चली आई लेकिन हिस्सेदारी के सवाल पर एक टिकट देकर इस जाति की पूरे उत्तर प्रदेश में वोट लेने का काम किया भागीदारी पार्टी (पी.) के बनने से प्रजापति समाज का वोट एकजुट हो गया है अब जरूरत है सभी कार्यकताओं को बूथ पर अपने सिपाहियों को तैयार करने की जिस दिन भागीदारी संकल्प मोर्चा की प्रदेश में सरकार बनेगी उस दिन सभी पिछड़े दलित अल्पसंख्यक जाति के लोगों को उनके संख्या के अनुपात में उचित हिस्सेदारी देने का कार्य किया जाएगा बीजेपी पर हमला बोलते हुए श्री राजभर ने कहा की बीजेपी भारतीय झूठ पार्टी है भारतीय झूठ पार्टी ने कहा था कि भारत को विश्व गुरु बनाएंगे आत्मनिर्भर बनो लेकिन देश की सरकार देश को ही लूटने का कार्य कर रही है और प्रदेश की सरकार प्रदेश को लूट रही है इनके अधिकारी भी कोविड-19 में पैसा लूट रहे हैं केंद्र सरकार ने अभी तक देश के 28 विभागों को बेचने का कार्य किया वही गरीबों के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं सरकारी स्कूलों अस्पतालों और राष्ट्रीय राजमार्गों को बेचने की तैयारी कर रहे हैं।

भागीदारी पार्टी पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी पार्टी के संगठन की रीढ़ कार्यकर्ता होते हैं सभी कार्यकताओं को अपनी-अपनी विधानसभा में एक एक बूथ पर 25, 25 पदाधिकारियों को तैनात करने की जरूरत है बूथ स्तर के पदाधिकारियों को कहा कि आप लोग अपनी संख्या को और मजबूत करिए राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल और जिले के नेताओं को केवल बूथ पर काम करने की जरूरत है आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर हमारे 25 पदाधिकारी होने चाहिए इस बार किसी भी प्रकार से मतदाताओं को विपक्षी पार्टियां लुभा न सके ' सभी पदाधिकारियों को भागीदारी संकल्प मोर्चा के निर्देश पर कार्य करना है इस बार 2022 के विधानसभा चुनाव में भागीदारी संकल्प मोर्चा की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता यदि आप लोग इसी प्रकार से अपनी ताकत को धरातल पर निरंतर बनाए रखेंगे तो भागीदारी संकल्प मोर्चा की सरकार बनना तय है जिस दिन भागीदारी संकल्प मोर्चा की सरकार उत्तर प्रदेश में बनेगी पिछड़े, दलित अल्पसंख्यक सभी की भागीदारी सुनिश्चित होना तय है आपके भी बेटा बेटी को सरकारी नौकरियों में हिस्सेदारी दी जाएगी और बिजली, पानी एवं अनिवार्य शिक्षा मुफ्त दिया जाएगा।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉक्टर महेश चंद्रा प्रजापति ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि बीजेपी महंगाई के सवाल को लेकर केंद्र और प्रदेश में सरकार बनाई अच्छे दिन आएंगे का सपना दिखाएं 2014 में जब बुरे दिन थे उस समय सरसो का तेल 50 , 55 में 1 लीटर तेल मिल जाता था आज जब अच्छे दिन आ गए तो सरसों का तेल 150 हो गया आटा 12 किलो मिलता था आज 28 किलो प्याज 15 किलो मिलती थी आज 70 किलो अरहर की दाल 60 रुपए किलो मिलती थी आज 140 रुपया किलो वो भी 5 रुपए में मिलती थी आज 20 में सबसे बड़ी बात यह है कि 340 रुपए में मिलने वाला गैस सिलेंडर 715 में मिल रहा है और उसके साथ आने वाली सब्सिडी पूर्णरूपेण बंद कर दी गई है यह सीधे तौर पर गरीबों की जेब पर सरकार डाका डाल रही है लेकिन इस सवाल को लेकर कोई बोलने वाला नहीं है क्योंकि अच्छे दिन आ गए हैं ' पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजीनियर विकास सिंह पटेल ने कहा कि भागीदारी पार्टी का एक-एक पदाधिकारी मजबूती से काम कर रहा है ।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महानगर कमेटी का गठन

**प्रयागराज।** जॉर्ज टाउन में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रयागराज महानगर की कमेटी का गठन किया गया। महानगर के इस कार्यक्रम में समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिया गया। जिसमें चंदन सिंह चंदेल को महानगर उपाध्यक्ष, बृजेश सिंह को शहर उत्तरी का अध्यक्ष, रघुराज प्रताप सिंह को शहर दक्षिणी का अध्यक्ष और विक्रम सिंह को शहर पश्चिमी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रीत कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश संरक्षक मानवेंद्र सिंह, प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री तथा मातृ- स्नेह फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं संरक्षक श्री नागेंद्र सिंह, श्री वीरेंद्र सिंह पत्रकार, श्री वीरेंद्र सिंह टेवा, प्रचार मंत्री श्री मनोज सिंह तथा पीसीएफ के अध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह (लल्ले सिंह ) तथा जय सिंह रहे। संचालन वीरेंद्र सिंह पत्रकार ने किया। इस अवसर पर एस. एस. परिहार, अरुण सिंह बघेल और चंद्रभान सिंह, अजय कुमार सिंह, डी.के. सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बूथ स्तर पर आप पार्टी ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**करछना।** विधान सभा के टांगहा का पुरा मे आम आदमी पार्टी की बैठक आहूत की गयी जिसमे मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव आशीष सिंह पटेल, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष डॉ अल्ताफ अहमद व जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह उपस्थित रही। बैठक मे आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर की तैयारी का जायजा लिया तथा पदाधिकारियों व कार्यकताओं को चुनाव मे सक्रिय होकर पार्टी की नीतियों व कार्यो को लोगों तक पहुँचायें। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी मनोज तिवारी अध्यक्ष मेराज अहमद महा सचिव गजनफर अब्बास व ब्लॉक अध्यक्ष रजनीश पांडे, ब्लॉक महा सचिव घन श्याम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप समाचार

### ट्रेन से कटकर एक अधेड़ व्यक्ति की हुई मौत

**इमामगंज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशरफपुर गांव के रेलवे क्रासिंग नंबर 10 के रेलवे लाइन के नजदीक एक व्यक्ति का शव मिला है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब सुबह लोग शौच के लिए गए तो देखा कि रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ की लाश पड़ी हुई है। लोगो ने तुरंत पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर कोखराज थाना की पुलिस पहुची और शव की शिनाख्त की।शव की शिनाख्त राजा राम पुत्र सरजू लाल निवासी अशरफपुर के रूप में हुई है जिनकी उम्र लगभग 65 वर्ष बतायी जा रही है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बरई बंधवा में दिलाई गयी मतदाता जागरूकता शपथ

**बंधवा कौशाम्बी।** आज दिनांक 25 जनवरी 2021 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय बरई बंधवा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीण मतदाताओं को शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में अंशुमान सिंह प्रधानाध्यापक एवं अन्य स्टाफ द्वारा सभी को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु संकल्प दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम में मोहम्मद दरवेश मोहम्मद शोएब, मोनिस, गुफरान,राजू,फैजान, आदिल, मुजम्मिल, अदनान जैद आदि मौजूद रहे।

### अतमम अली बने यूनिक टीचर्स एंप्लाइज कमेटी के जिला संयोजक

**बंधवा कौशाम्बी।** यूनिक टीचर्स एंड एंप्लाइज कमेटी (यूटेक)यूपी की प्रांतीय बैठक कार्यक्रम में अतमम अली प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय बरई बंधवा को जिला संयोजक के पद पर मनोनीत किया गया। कमेटी के प्रदेश संयोजक प्रदीप सरल के कर कमलों द्वारा अतमम अली को मनोनयन पत्र प्रदान किया गया। उक्त बैठक श्री जे एन पी जी कॉलेज लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक में कमेटी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**सिराथू कौशाम्बी।** चायल विधानसभा क्षेत्र के पंसौर गांव में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को भाजपा नेता और आम जनता ने सुना चायल विधानसभा क्षेत्र के पँसौर गांव में रविवार को भाजपाईयो ने प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के मन की बात सुनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री जगदीश सरोज की अगुवाई में दर्जनो भाजपाईयो ने प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी। मुख्य अतिथि जगदीश सरोज ने भाजपा सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो की उपलब्धियों को बताते हुए पंचायत चुनाव में सभी साथियों से एकजुट होने की बात कही। यहां योगेश यादव अश्वनी धुरिया सुभाष केसरवानी राजकुमार प्रजापति , संग्राम सिंह यादव धारा सिंह , शिवलोचन कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### प्रधानाचार्य विद्यालय से अक्सर रहती हैं गायब

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कशिया पश्चिम जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाचार्या विद्यालय से अक्सर गायब रहती हैं।विद्यालय में सोमवार 12 बजे तक वह विद्यालय प्रांगण में उपस्थित नही हो सकी हैं। यह कई कई दिनों तक स्कूल नही आती हैं अन्य सह अध्यापक से पूछने पर गोल मोल बात करते है।जिसकी जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात करने पर जॉच कर उन्होंने कार्यवाही करने का अश्वासन दिया।

### निवर्तमान सभासद मलेरिया से ग्रसित

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के गौरा रोड निवासी व निवर्तमान सभासद शंकर लाल केशरवानी मलेरिया रोग से ग्रसित हो गए उनका कहना है कि मैं अधिशाषी अधिकारी गिरीश चंद्र को यहा पनप रही बीमारी के संबंध में अवगत कराना चाहता था। परंतु उक्त अधिकारी द्वारा फोन नहीं उठाया जाता वही आज काफी दिनों से दवा का छिड़काव न होने से पुनः बीमारी पनप रही है ।

### शिक्षा संस्थान में हुई बैठक

**प्रतापगढ़।** स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन की बैठक आचार्य सदाशिव शिक्षा संस्थान खरहर रानीगंज में सोमवार को हुई। इस दौरान संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। डॉ. श्याम शंकर उपाध्याय को सर्वसम्मति से संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक में एमडीपीजी के प्रबंधक प्रमन मिश्री भी मौजूद रहे। इस दौरान मुराद अहमद, राकेश तिवारी, मनीष मिश्रा, उदयशंकर, अशोक पाल,दिनेश मिश्र,बालमुकुंद तिवारी,प्रवीण शुक्ला, डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी, महेंद्र मिश्रा आशीष यादव, अशोक यादव को संगठन विस्तार की जिम्मेदारी दी गयी।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग एवं जनपद प्रभारी मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय

**सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पात्रों को लाभान्वित कराये जाने का दिया निर्देश**

**वर्तमान समय में जनपद कोराना मुक्त प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान, पंचायत भवन एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण में प्रदेश में जनपद के प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सभी संबंधित अधिकारियों की सराहना करते हुए बधाई दी 04 फरवरी 2021 से 04 फरवरी 2022 तक चौरी चौरा शताब्दी समारोह मनाया जायेगा**

**कौशाम्बी।** राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 एवं जनपद के प्रभारी मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयेजित की गयी। बैठक में प्रभारी मंत्री ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ क्रियान्वित करते हुए पात्रों को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न होने पाये, वही पर कोई भी अपात्र व्यक्ति योजना का लाभ गलत ढंग से न लेने पाये।

बैठक में जनपद के कोरोना मुक्त होने पर प्रभारी मंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों एवं सफाई कर्मियों तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों को इसके लिए बधाई दी और सराहना की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा बताया गया कि जनपद कौशाम्बी को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान, सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन के निर्माण कार्य में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, इसके लिए प्रभारी मंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियें की प्रशंसा करते हुए उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक में बताया गया कि 04 फरवरी 2021 से 04 फरवरी 2022 तक चौरी चौरा शताब्दी समारोह मनाया जायेगा। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियां को अपनी-अपनी कार्ययोजना को अनिवार्य रूप से 30 जनवरी तक उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। प्रभारी मंत्री ने चौरी चौरा शताब्दी समारोह के अन्तर्गत पूरे वर्ष भर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को कार्य योजना के साथ संचालित किये जाने का निर्देश दिया है।

बैठक में सिंचाई विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने शिल्ट सफाई के कार्यो का सत्यापन कराये जाने एवं उससे जनप्रतिनिधियो को अवगत कराये जाने के बाद ही शिल्ट सफाई के कार्यो का भुगतान किये जाने का निर्देश दिया है। विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्हेने सभी सरकारी विभागों को विद्युत बिलों के देयों का समय से भुगतान सुनिश्चित करने के लिए कहा है। सड़कों एवं सेतुओं के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए उन्हेंने नई सड़कों के निर्माण कार्यो को शीर्ष प्राथमिकता पर कराये जाने एवं निमार्णाधीन कार्यो को समय से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा करते हुए उन्हेने डेटा सुधार के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करते हुए बचे हुये किसानों को तत्काल लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। गोवंश संरक्षण की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने गोसंरक्षण केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित करने एवं पशुओं के टीकाकरण एवं ठण्ड से बचाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने एंव निमार्णाधीन गोसंरक्षण केन्द्रों को समय से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने गोल्डेन कार्ड योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने एवं जननी सुरक्षा योजना, परिवार नियोजन तथा हेल्थ वेलनेस सेंटर सहित अन्य योजनाओं का समयबद्धता के साथ क्रियान्वयन कराये जाने का निर्देश दिया है।

मत्स्य पालन विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने तालाबो के पट्टा आवंटन को प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ उन्हेने तालाबों पर अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटवाये जाने एवं कितने तालाबों का पट्टा हुआ है और कितने तालाबों का पटटा नहीं हुआ है उसकी सूची भी प्रस्तुत करने के लिए कहा है। पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्हेंने लंबित आवेदन पत्रों को निस्तारित करते हुए पात्र व्यक्तियें को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही साथ उन्हेंने आईसीडीएस, सामाजिक वानिकी, एक जनपद एक उत्पाद, आपरेशन कायाकल्प, श्रम पंजीयन, औद्यानिक मिशन, कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं को पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में सांसद विनोद सोनकर, विधायक मंझनपुर लाल बहादुर विधायक चायल संजय गुप्ता विधायक सिराथू शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, भाजपा जिला अध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी ने भी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में अपने विचार रखे। बैठक में अंत में जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने प्रभारी मंत्री एवं अन्य जन प्रति निधिगणों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि बैठक में दिये गये दिशा निदेर्शों एवं सुझावों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में दिये गये निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी , जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्रवण कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ पाठशाला के जरिए किया जा रहा है बच्चों को शिक्षित

**कौशाम्बी।** विकासखंड मंझनपुर के प्राथमिक विद्यालय टेवां प्रथम के अध्यापकों द्वारा नुक्कड़ पाठशाला का आयोजन करके बच्चों को शिक्षित किया जा रहा है शिक्षा के प्रति छात्रों को जागरूक किया जा रहा है प्राथमिक विद्यालय टेवां प्रथम के सहायक अध्यापक अजय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा घर घर जाकर गांव में नुक्कड़ पाठशाला का आयोजन करके शिक्षा के प्रति जागरूक एवं कोविड-19 के तहत शिक्षण कार्य में आए व्यवधान को निष्क्रिय करने की पहल बड़ी ही ईमानदारी और लगन के साथ किया जा रहा है जिससे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है प्राथमिक विद्यालय टेवां प्रथम के सहायक अध्यापक विमल त्रिपाठी, मनमोहन, शंकर लाल साहू श्रीमती माया देवी शिक्षामित्र सहयोग में तत्पर रहते हैं।

### बालिकाओं को मंत्री ने किया सम्मानित

**10वीं एवं 12वीं कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को 5000 रुपए का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित**

कौशाम्बी उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कलेक्ट्रेट परिसर वासवदत्ता सभागार में यू0पी0 बोर्ड की कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को 5000-5000 रुपए का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री जी ने मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाली महिला पुलिस कर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान के अन्तर्गत सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन निर्माण में विशेष रूचि लेते हुए कार्य कराये जाने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद विनोद सोनकर,विधायक मंझनपुर लाल बहादुर,विधायक चायल संजय गुप्ता, मा0 विधायक सिराथू शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल एवं जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



किट वितरण करते हुए प्रभारी मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय

# प्रभारी मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट प्रमाण पत्र किये वितरित

**उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया अवलोकन**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 एवं जनपद के प्रभारी मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय सांसद विनोद सोनकर विधायक मंझनपुर लाल बहादुर विधायक चायल संजय गुप्ता विधायक सिराथू शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल एवं जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह कलेक्ट्रेट परिसर में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार, दुग्ध विकास, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला शशक्तीकरण, युवा कल्याण, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, जिला उद्योग, मत्स्य पालन, पशु पालन एवं स्वयं सहायता समूह सहित अन्य विभागों द्वारा योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर अवलोकन किया एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र लोगों को संचालित योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने एक जनपद एक उत्पाद योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान किया।

मंत्री ने श्रद्धा साहू, सौरभ साहू, अराध्या साहू सहित अन्य बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की जिसमें देशी घी, मिल्क पाउडर एवं चने की दाल का वितरण किया गया। मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने दिब्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं कम्बल का भी वितरण किया।

### गौरव मोर्चा की बैठक संपन्न

**कौशांबी।** गौरव मोर्चा की बैठक करारी क्षेत्र के जमदुआ गांव में संपन्न हुई है जहां ग्रामीणों की भीड़ लगी थी बैठक के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की है दिनांक 24 जनवरी को करारी क्षेत्र के जमदुआ गांव मे गौरव क्रांति मोर्चा की बैठक मैं उपस्थित लोगों को को संयासी आश्रम के महंत एवं मोर्चा प्रमुख राहुल प्रजापति ने संबोधित कर मोर्चा की योजनाओं के बारे में अवगत कराया तथा विकास कार्यों पर चर्चा हुई है बैठक में स्पष्ट तौर पर कहा गया कि विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा बैठकर मे आम जनता का जन सैलाब उमड़ा है।

# डीएम ने लोगों की दिलायी मतदाता शपथ

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस**

**लोकतंत्र को मजबूत करने की आधारशिला मतदान : डीएम**



राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलाते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ।** डीएम डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, नेहरू युवा केन्द्र की शिवानी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज, संगम इण्टरनेशनल कालेज, न्यू एंजिल्स कालेज, मालती इण्टर कालेज के छात्र/छात्राओं ने गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं मतदाताओं को मतदाता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े और पुराने लोकतंत्र के रूप में भारत देश विकसित हुआ है।

उन्होने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का गठन 70 वर्ष पूर्व किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरूआत में बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान किया जाता था लेकिन अब इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के माध्यम से मतदान का कार्य किया जाता है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन युवा मतदाताओं की उम्र 18 वर्ष से अधिक हो गयी हो वह तहसील में स्थापित वीआरसी केन्द्र पर जाकर अपना नाम अंकित करा सकता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, उपजिलाधिकारी सदर मोहन लाल गुप्ता ने भी लोगों को आने वाले समय में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया जिससे लोकतंत्र मजबूत हो। इस दौरान संगीत गायन, पेन्टिग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं को जिलाधिकारी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। निर्वाचन में सराहनीय कार्य हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।

### बेटियां को बेटों से कम न समझें : जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने आज अफीम कोठी में चाइल्ड लाइन-1098 व महिला कल्याण विभाग की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ गाड़ी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किसा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा, निदेशक चाइल्ड लाइन नसीम अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज बेटियाँ बेटों से किसी माने में कम नही है, बस उन्हें अवसर देने की जरूरत है। इस रैली का उद्देश्य बाल विवाह रोकथाम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल श्रम, गिरते लिंग अनुपात व लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ जागरूकता करना है। चाइल्डलाइन जागरूकता गाड़ी भंगवा चुंगी, रेलवे स्टेशन, गाजी चैराहा, घंटा घर चैक होकर सदर मोड़, अजीत नगर आदि स्थानों जाकर लोगों का कन्या भ्रूण हत्या रोकने का संदेश दिया जिससे बेटियों को सुरक्षित एवं संरक्षित किया जा सके और गिरते लिंगानुपात को रोका जा सके, साथ ही साथ महिलाओं एवं बेटियों को जागरूक किया जा सके। रैली के दौरान उन्हें चाइल्डलाइन 1098, वीमेन पावर लाइन 1090, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेन्स सेवा के बारे में बताया गया।



रमईपुर कॉमन सर्विस सेंटर पर मतदाताओं को किया गया जागरूक

### मतदाता दिवस पर युवाओं को किया जागरूक

**पट्टी।** मतदाता जागरूकता दिवस के मौके पर प्रभात जन सेवा केंद्र रमईपुर कॉमन सर्विस सेंटर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को मतदान की महत्ता बताते हुए शपथ दिलाई गई। शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूरी आस्था रखते हुए हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। केंद्र के वीएलई विनय यादव ने बताया कि कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक पवन शर्मा के निर्देश पर मतदान के संबंध में युवाओं व ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भरोखन रमईपुर चैराहे पर स्थित कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुनील कुमार, राम अवध, रवि प्रताप, विपिन, मनोज पाल, जयप्रकाश तिवारी , अखिलेश, गुलाब पटेल सहित कई युवा मौजूद रहे।

### खण्डवार होगा शिविर का आयोजन

**प्रतापगढ़।** जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र ने अवगत कराया है कि एसआईएस इण्डिया लि0 लखनऊ के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने हेतु विकास खण्डवार शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया है कि एसआईएस इण्डिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। सुरक्षा प्रदान का कार्य पूरे भारत व विदेशों में कर रही है इस शिविर में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी। शिविर का आयोजन कोविड-19 के प्रावधानों सोशल डिस्टेसिंग, मास्क का प्रयोग के साथ किया जाना होगा। विकास खण्ड मुख्यालयों पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई जिसमें विकास खण्ड लालगंज में 28 जनवरी, बाबागंज में 29 जनवरी, बिहार में 30 जनवरी, कालाकांकर में 31 जनवरी, रामपुर संग्रामगढ़ में 01 फरवरी, सांगीपुर में 02 फरवरी, लक्ष्मणपुर में 03 फरवरी, मानधाता में 04 फरवरी, सण्ड़वा चन्द्रिका में 05 फरवरी, आसपुर देवसरा में 06 फरवरी, बाबा बेलखरनाथधाम में 08 फरवरी, मंगरौरा में 09 फरवरी, शिवगढ़ में 10 फरवरी।



कवि सम्मेलन में कवि को सम्मानित करते संयोजक संजय शुक्ला

### राष्ट्र की अखण्डता व एकता पे आये आंच, इससे पहले सुमन शूलियों ...

**प्रतापगढ़।** गणतंत्र दिवस की पूर्व सन्ध्या पर एक कवि गोष्ठी का आयोजन सगरा सुन्दरपुर बाजार मे संपन्न हुई । जिसमें विभिन्न विधाओ के कवियों ने काव्यपाठ कर लोगो को मन्त्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन की शुरूआत राधेश पाण्डेय की वाणी वन्दना से हुई। उसके बाद परशुराम सुमन ने राष्ट्र की एकता व अखण्डता पर आधारित रचना राष्ट्र की अखण्डता व एकता पे आये आंच ,पहले सुमन शूलियों पर चढ़ जायेंगे से देश भक्ति का रंग भरा। प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने युद्ध भूमि में अगर शीश कट जाये तो, ऐसा वीर भारती का भाल बन जाता है से लोगो मे जोश भरा। पवन प्रखर ने राष्ट्र आन बान को जो डटें हैं बचाने हेतू, ऐसे वीर सैनिकों के जोश को नमन है को। लोगो ने हथेलियों से नवाजा । इसके पूर्व साहित्यकारों का सारस्वत सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे केसरी नंदन शुक्ल, व्योम प्रतापगढी, अशोक विमल, बाबू लाल सरल, अर्जुन सिंह, लवलेश यदुवंशी, पवन प्रखर, अंकित तिवारी, श्याम तिवारी, मजीद रहबर, गुरु वचन सिंह बाघ आचार्य अनिल मिश्र ने काव्य पाठ किया।

### प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

**प्रतापगढ़।** मनरेगा मे अवयस्क बाल श्रमिकों से काम कराने तथा फर्जी तरीके से अभिलेख तैयार कर धनराशि के बंदरबांट को लेकर प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी समेत तीन आरोपियो के खिलाफ जालसाजी तथा धोखाधडी व गबन का केस दर्ज किया गया है। कोतवाली के घरौरा निवासी पदमपाणि पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि वित्तीय वर्ष 2021 मे उसके ग्राम के प्रधान कमल धुरिया तथा ग्राम पंचायत अधिकारी ज्ञानप्रकाश व रोजगार सेवक ने मिलीभगत कर फर्जी जॉबकार्ड तैयार किया। आरोपियो ने बाल श्रमिको से मजदूरी दर्शा कर सरकारी पैसे की बंदरबांट कर गबन किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रधान कमल धुरिया समेत तीन के खिलाफ धोखाधडी व जालसाजी समेत कई गंभीर धाराओ मे रविवार की रात केस दर्ज किया है।

# विधायक ने स्वामी करपात्री महाराज की प्रतिमा स्थापना हेतु किया भूमि पूजन



करपात्री जी महाराज की प्रतिमा स्थापना हेतु रानीगंज विधायक द्वारा किया गया शिलान्यास

**प्रताापगढ़।** स्वामी करपात्री जी महाराज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरे गोंसाई के प्रांगण में क्षेत्रीय विधायक रानीगंज अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज की प्रतिमा स्थापना हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय परिसर में स्थापित डिजिटल लाइब्रेरी, स्मार्ट कम्प्यूटर क्लास एवं मॉडर्न जिम का भी शुभारंभ किया।

इस दौरान उपस्थित समूह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी करपात्री जी महाराज न केवल जनपद के बल्कि विश्व की महान विभूति है। जिन्होंने धर्म की जय और अधर्म का नाश के संदेश के साथ केवल लोक कल्याण की कामना की। स्वामी जैसे महामनीषी ने अनेकानेक धर्म संस्थाओं की स्थापना के साथ वेदों पर सरस्वती की धाराएं प्रवाहित की। इसके पश्चात उन्होंने विश्व विद्यालय स्तर पर मेरिट लिस्ट में अपना स्थान लाने वाले महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सचिन उपाध्याय, मीरा यादव एवं सौरभ मिश्र को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय योगी जी की प्रेरणा से बहुत जल्द जनपद प्रतापगढ़ को विश्वविद्यालय के साथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरे गोंसाई में बीएससी एवं बी.कॉम की कक्षाओं के संचालन की सौगात मिलेगी।